सं. ए-42018/28/2020-स्था. (भाग-1)

भारत सरकार

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

5वां तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन,

सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003

दिनांक : 29.03.2022

रिक्ति सूचना

*****

सचिवालय/तकनीकी कार्य के लिए प्रारंभ में एक वर्ष (विस्तार योग्य) की अवधि के लिए पूर्ण रूप से संविदा के आधार पर परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पात्रता के मानदंड तथा अन्य निबंधन और शर्तों के बारे में विस्तृत सूचना वेबासाइट (*www.disabilityaffairs.gov.in*) पर देखी जा सकती है। इच्छुक और पात्र उम्मीदवार 20 अप्रैल, 2022 तक अधोहस्ताक्षरी को निर्धारित प्रपत्र में अपना आवेदन भेज सकते हैं। आवेदन एक ही पीडीएफ दस्तावेज में vacancyconsultant20@gmail.com पर मेल के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं।

(सुनील कुमार महतो)

अवर सचिव, भारत सरकार

सं. ए-42018/28/2020-स्था. (भाग-1)
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

5वां तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन,
सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003
दिनांक :29.03.2022

**विषय : दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में संविदा के आधार पर श्रमशक्ति की नियुक्ति के संबंध में सूचना।**

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, इस विभाग में संविदात्मक नियुक्ति के लिए पात्र व्यक्तियों से नीचे दिए गए अनुसार आवेदन आमंत्रित करता है :-

| क्र.सं. | पद | अनिवार्य योग्यताएं | अधिमान्य अनुभव | परिवहन भत्ता सहित मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | परामर्शदाता पदों की संख्या : 09 (अनंतिम) | *** सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में अनुभाग अधिकारी/अवर सचिव के पद पर 3 वर्ष के अनुभव वाले सेवानिवृत्त अधिकारी।<br>अथवा<br>सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में परामर्शदाता के रूप में 05 वर्ष से 07 वर्ष के अनुभव के साथ किसी भी विषय में स्नातक। | (क) सरकारी नियमों और कार्यविधियों का अच्छा ज्ञान।<br>(ख) योजनाओं, नीति संबंधी मामलों, रोकड़ एवं बजट संबंधी मामलों आदि से संबंधित कार्यों में अनुभव।<br>(ग) कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान, विशेष रूप से एमएस वर्ड, एम एस एक्सेल, एम एस पॉवरप्वाइंट के प्रयोग में। | रू45,000/- (रू42,000/- प्लस रू 3,000/-) |
| 2 | परामर्शदाता पदों की संख्या : 01 | *** सरकारी या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में हिंदी अधिकारी/सहायक निदेशक (रा.भा.) के पद पर 3 वर्ष के अनुभव वाले सेवानिवृत्त अधिकारी। | (क) अनुवाद कार्य का अनुभव<br>(ख) अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा में उत्कृष्ट ज्ञान<br>(ग) कम्प्यूटर पर कार्य करने का ज्ञान, विशेष रूप से एमएस वर्ड, एम एस | रू45,000/- (रू42,000/- प्लस रू 3,000/-) |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | एक्सेल, एम एस पॉवरप्वाइंट के प्रयोग में। | |
| 3 | वेबसाइट प्रोग्रामर पदों की संख्या : 01 | कम्प्यूटर अथवा समकक्ष में विशेषज्ञता और सॉफ्टवेयर ऐप्लिकेशन और विकास/सहायता इत्यादि में न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव जिसमें से सरकारी वेबसाइट की मॉनिटरिंग/रखरखाव में कम से कम एक वर्ष के अनुभव के साथ गणित/सांख्यिकी/ओपरेशन रिसर्च/कम्प्यूटर साइंस/आईटी में बी.टेक/बी.ई./एमसीए/ एम.एससी। | (क) पीएचपी, माई एसक्यूएल, एचटीएमएल, सीएसएस अपाचे में कौशल<br>(ख) सॉफ्टवेयर ऐप्लीकेशन और विकास/सहायता आदि में न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव जिसमें से सरकार वेबसाइट (वेबसाइटों) की मॉनीटरिंग/रखरखाव में कम से कम एक वर्ष का अनुभव। | रू45,000/- (रू42,000/- प्लस रू 3,000/-) |

**2. *** किसी भी ग्रेड में परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किसी भी सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी को परामर्शदाता के रूप में अपनी नियुक्ति की अवधि के दौरान पेंशन और पेंशन पर महंगाई राहत मिलना जारी रहेगा। परामर्शदाता के रूप में उनकी तैनाती पर पुन: रोजगार मामले के रूप में विचार नहीं किया जाएगा। कुल मासिक समेकित वेतन और परामर्शदाता द्वारा आहरित पेंशन उसके द्वारा आहरित अंतिम वेतन से अधिक नहीं होगा जिसकी गणना महंगाई राहत की मौजूदा (वर्तमान) दरों पर की गई है।**

3. संविदा की अवधि प्रारंभ में एक वर्ष के लिए होगी जिसे कार्यालय की आवश्यकता और अभ्यर्थी के प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। यदि तैनात व्यक्ति (कर्मचारी) का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो संविदा को किसी भी समय विभाग के विवेक पर समाप्त किया जा सकता है।

4. दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पास कोई बिना कोई कारण बताए आवेदनों को स्वीकार करने अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

5. आवेदक की आयु 31.03.2022 को 63 वर्ष अथवा उससे कम होनी चाहिए। परामर्शदाता से संबंधित मुद्दों हेतु निबंधन और शर्तें विभाग द्वारा समय-समय पर बनाए गए और दिशा-निर्देशों के अनुसार विनियमित की जाएगी।

6. **इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन संलग्न प्रपत्र में अवर सचिव (प्रशासन), दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, 5वां तल, बी -2 विंग, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली - 110003 को भेज सकते हैं।**

**आवेदन मेल vacancyconsultant20@gmail.com के माध्यम से भी** भेजा जा सकता है।

7. आवेदक के पास एक वैध व्यक्तिगत ईमेल आईडी होनी चाहिए, जिसे इस नियुक्ति तैनाती की प्रक्रिया पूर्ण होने तक सक्रिय (एक्टिव) रखा जाना चाहिए। विभाग पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से सभी पत्राचार भेजेगा। यदि किसी उम्मीदवार के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं है, तो उसे आवेदन करने से पहले अपनी नई ई-मेल आईडी बनानी चाहिए और उस ईमेल अकाउंट को बनाए रखना चाहिए।

8. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 20 अप्रैल, 2022 है।

संलग्नक: आवेदन के लिए निर्धारित प्रपत्र।

(सुनील कुमार महतो)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में,

1. केन्द्रीय सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. विभाग के वेबसाइट (अर्थात् disabilityaffairs.gov.in) के माध्यम से व्यापक प्रचार
3. विभाग के अवर सचिव (मीडिया) इसको अंग्रेजी भाषा के किसी एक मुख्य समाचार पत्रों और साप्ताहिक रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशित करने का अनुरोध है।

# बायो-डाटा

एक नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो लगाएं।

क. पद के लिए आवेदन किया गया:

(आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल, 2022 है)

ख: व्यक्तिगत जानकारी:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2. | पिता/पति का नाम | |
| 3. | संचार के लिए पता | |
| 4. | टेलीफोन/मोबाइल नं. | |
| 5 | ई-मेल आईडी (सक्रिय रखने के लिए) | |
| 6. | जन्म की तारीख | |
| 7. | 31.03.2022 तक वर्तमान आयु | |
| 8. | 10वीं कक्षा से शैक्षिक योग्यता<br><br>(कृपया प्रमाण पत्र/मार्कशीट की प्रति संलग्न करें) | |
| 9. | व्यवसायिक योग्यता | |

ग. वैध दस्तावेजी साक्ष्य के साथ पिछले रोजगार/अनुभव का विवरण (कालानुक्रमिक क्रम में)

| मंत्रालय/विभाग/संगठन का नाम | रोज़गार की अवधि | | पद | किए गए कर्तव्यों का संक्षिप्त विवरण | मिलने वाली सैलरी |
|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

घ. प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर दी गई जानकारी मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है। मैं जानता/जानती हूँ कि यदि उपरोक्त दी गई किसी भी जानकारी को नियुक्ति से पूर्व अथवा इसके बाद किसी भी स्तर पर गलत पाया जाता है तो मेरी नियुक्ति रद्द की जा सकती है और मेरे विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

हस्ताक्षर

**संलग्नक:**

**तारीख:**